अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार,18 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : TOP

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्राफी का मैच सुबह 9 बजे।

PAGE NO III : MIDDLE

# कूच बिहार ट्रॉफी : दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी गई

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मैच का दूसरा दिन भी कोहरे की भेंट चढ़ गया।

पूरे दिन मैच खेलने का इंतजार करते दोनों टीमों के खिलाड़ी फुटबॉल खेल कर अपनी प्रैक्टिस करते रहे लेकिन शाम तक कोहरा कम नहीं हुआ। शाम करीब 4 बजे अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन से परामर्श के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच न होने की घोषणा की। बता दें कि पहले दिन भी कोहरे ने मैच के प्रभावित किया था। धूप निकलने पर दोपहर बाद मैच शुरू हुआ था और सिर्फ 17 ओवर ही फेंके जा सके। जिसमें बंगाल टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए।

- **कोहरे के कारण दूसरे दिन नहीं हुआ खेल**